दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 27 अगस्त 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 329

# 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे के रूप में मनाने का ऐलान : इसरो वैज्ञानिकों से मिल भावुक हुए पीएम मोदी

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने के गौरवशाली दिन 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जायेगा। मोदी ने आज यहां भारतीय अंतरिक्ष संगठन (इसरो) टीम के वैज्ञानिकों से मुलाकात के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि चंद्रयान-2 के लैंडिंग प्वाइंट का नाम तिरंगा और चंद्रयान-3 के लैंडिंग प्वाइंट का नाम शिवशक्ति होगा।

चंद्रयान-3 के 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग की गौरवशाली उपलब्धि के आलोक में एक आल्हादित क्षण उस समय नजर आया जब इसरो टीम के वैज्ञानिकों से मुलाकात करने पहुंचे मोदी की आंखे हर्षातिरेक में छलछला सी गयी और वह अपने आंसुओं को नहीं रोक सके। उन्होंने यहां चंद्रयान-3 टीम और इसरो के अन्य वैज्ञानिकों से मुलाकात और बातचीत की। इसरा अध्यक्ष एस सोमनाथ ने उन्हें विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के अपडेट के बारे में जानकारी दी। चंद्रयान-3 टीम ने विक्रम की सॉफ्ट-लैंडिंग और उसके पेट से प्रज्ञान (रोवर) को बाहर निकालने का प्रदर्शन किया था।

इस मौके पर रूंधी आवाज में मोदी ने कहा, मैं दक्षिण अफ्रीका में था लेकिन मेरा मन वैज्ञानिकों के साथ था। मैं सबसे पहले वैज्ञानिकों से मिलना चाहता था। यह नया भारत है जो दुनिया भर में रोशनी फैलाता है। यह आज का पूर्ण विकसित भारत है। यह वह भारत है जो नया सोचता है। यह वह भारत है जो दुनिया भर में प्रकाश फैलाता है। भारत दुनिया के लिए समाधानों का नेतृत्व करेगा। मैं टचडाउन से पहले हर पल को याद करता रहता हूं। टचडाउन का वह क्षण अविस्मरणीय ही नहीं बल्कि भारत के लिए शाश्वत है।




उन्होंने आगे कहा कि चंद्रयान की सफलता न सिर्फ भारत की सफलता है, बल्कि ये एक बार फिर मानवता की भी सफलता है। उन्होंने कहा, मैं सभी वैज्ञानिकों, तकनीशियनों और आप सभी को बधाई देना चाहता हूं जो इस मिशन का हिस्सा हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने यहां एचएएल हवाई अड्डे के बाहर जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान के नारे लगाते हुए जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जो तस्वीर उन्होंने बेंगलुरु में देखी, वही तस्वीर यूनान और जोहान्सबर्ग में भी देखी। यह वास्तव में आश्चर्य की बात है कि आप सभी यहां हैं और यहां तक कि बच्चे भी सुबह-सुबह यहां हैं। इस मौके पर स्थानीय कलाकार हवाई अड्डे के सामने सडक़ों पर नृत्य करते और ढोल बजाते नजर आये। लोगों ने चंद्रयान-3 मिशन की चंद्रमा पर सफलता का जश्न मनाने और प्रधानमंत्री के आगमन पर राष्ट्रीय ध्वज और पोस्टर लहराये।

## पीएम मोदी ने स्पेस मिशन के टचडाउन पॉइंट का किया नामकरण, 'शिवशक्ति' के नाम से जानी जाएगी जगह

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पीएम मोदी ने चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम के सॉफ्ट लैंडिंग वाली जगह को नाम दिया है। पीएम मोदी बेंगलुरू में इसरो वैज्ञानिकों से मिलने पहुंचे थे। यहां वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, मेरे परिवारजनों, आप जानते हैं कि स्पेस मिशन के टचडाउन पॉइंट को एक नाम दिए जाने की वैज्ञानिक परंपरा है। चंद्रमा के जिस हिस्से पर हमारा चंद्रयान उतरा है भारत ने उस स्थान के भी नामकरण का फैसला लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस स्थान पर चंद्रयान 3 का मून लैंडर उतरा है, अब उस पॉइंट को-शिव शक्ति के नाम से जाना जाएगा। 23 अगस्त को जब भारत का चंद्रयान-3 चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड हुआ था, उस समय प्रधानमंत्री साउथ अफ्रीका में ब्रिक्स समिट में हिस्सा ले रहे थे। इसके बाद वे ग्रीस के दौरे पर गए थे। बेंगलुरु में प्रधानमंत्री ने एक और घोषणा की। उन्होंने कहा कि चांद के जिस स्थान पर चंद्रयान-2 ने अपना पदचिन्ह छोड़ा है, उसे अब तिरंगा प्वाइंट के नाम से जाना जाएगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### शिवराज मेट्रो रेल कोच का अनावरण करेंगे

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज यहां राज्य की अत्याधुनिक परिवहन सेवा में शीघ्र ही शामिल होने जा रही मेट्रो रेल के आधुनिक कोच का अनावरण करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार श्री चौहान स्मार्ट सिटी पार्क में मेट्रो रेल कोच का अनावरण करेंगे। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इन कोच को मिलाकर ही मेट्रो रेल बनेगी और अगले माह यहां पर मेट्रो रेल का ट्रॉयल रन होगा। सूत्रों ने कहा कि राज्य के भोपाल और इंदौर में राज्य सरकार ने मेट्रो रेल चलाने की महत्वाकांक्षी परियोजना बनाई है और इसका कार्य अंतिम दौर में है। माना जा रहा है कि भोपाल और इंदौर में शीघ्र ही मेट्रो रेल में यात्री यात्रा करते हुए नजर आएंगे।

### जेयू ने आंतरिक रिपोर्ट में माना, रैगिंग से हुई फ्रेशर की मौत

**कोलकाता (आरएनएस)।** रैगिंग के कारण 10 अगस्त को कोलकाता के प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के एक नए छात्र की मौत हो गई। यह बात विश्वविद्यालय की आंतरिक जांच समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट में कही है।हालाकि, आंतरिक जांच समिति द्वारा जेयू के अंतरिम उपाध्यक्ष के कार्यालय को सौंपी गई रिपोर्ट में उन परिस्थितियों के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया जो घटना का कारण बनीं। आंतरिक जांच रिपोर्ट में केवल यह बताया गया है कि घटना के पहले छात्र मानसिक दबाव में था। इसने यह भी स्वीकार किया है कि विश्वविद्यालय परिसर में इसके पहले भी रैगिंग की घटनाएं हुई थीं, लेकिन ऐसी घटना नहीं हुई थी। आंतरिक रिपोर्ट इस बात पर भी चुप है कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र महीनों बाद भी छात्रावास पर कब्जा क्यों किए रहते हैं। मामले में जेयू के गणित में स्नातकोत्तर के पूर्व छात्र, सौरव चौधरी को सबसे पहले गिरफ्तार किया गया था। जेयू के अंदरूनी सूत्रों का एक वर्ग स्वीकार करता है कि विश्वविद्यालय की अपनी जांच समिति की आंतरिक रिपोर्ट प्रशासनिक अक्षमता को स्वीकार करता है, जिसके कारण अप्रिय घटनाएं हो जाती हैं।

### धोखाधड़ी मामले में ईडी का बड़ा एक्शन, गोल्डन बाबा की 1.53 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उन्होंने भुवनेश्वर के ज्योति ट्रेडिंग एंड कंपनी के मालिक ज्योति रंजना बेउरा उर्फ गोल्डन बाबा द्वारा अपराध की आय के रूप में अर्जित 1.53 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने ओडिशा में व्यवसायियों को 5.50 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करने में उनके द्वारा की गई धोखाधड़ी के संबंध में गोल्डन बाबा के खिलाफ पीएमएलए जांच शुरू की। इस संबंध में पहले उनके खिलाफ ईओडब्ल्यू भुवनेश्वर द्वारा एफआईआर दर्ज की गई थी, बाद में उन्होंने आरोप पत्र भी दायर किया। ईडी की जांच से पता चला कि ज्योति रंजन बेउरा ने ज्योति ट्रेडिंग एंड कंपनी के माध्यम से विभिन्न व्यवसायियों को असुरक्षित ऋण, आकर्षक ब्याज दर पर वित्तीय सहायता का लालच देकर धोखा दिया और धोखाधड़ी से उनसे लेटर ऑफ क्रेडिट प्राप्त किया। उन्हें वादा किए गए वित्तीय सहायता/असुरक्षित ऋण प्रदान किए बिना झूठे और मनगढ़ंत बिल बनाकर और पेश करके अपने खाते में बट्टा लगा लिया। इससे पहले, ईडी ने पीएमएलए के तहत ज्योति ट्रेडिंग एंड कंपनी के प्रोप ज्योति रंजना बेउरा गोल्डन बाबा के 56 लाख रुपये के खरीद मूल्य वाले दो हाई एंड व्हीकल्स (एक ऑडी क्यू 5 और दूसरा बीएमडब्ल्यू 520 डी) को जब्त कर लिया था, 52 लाख रुपये की बैंक शेष राशि को जब्त कर लिया था।

# तीर्थयात्री ट्रेन में आग लगने से तीन लोगों की मौत, कई अन्य फंसे

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु में मदुरै जिले के पास शनिवार सुबह तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही ट्रेन में आग लगने से कम से कम तीन लोगो की मौत हो गयी जबकि कई अन्य यात्री फंस गए। दक्षिणी रे लवे के सूत्रों और पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब ट्रेन के एक कोच में यात्रियों ने खाना पकाने के लिए अवैध रूप से ले जाये जा रहे एलपीजी सिलेंडर को जलाया। इसी दौरान सिलेंडर में विस्फोट हो गया जिससे डिब्बे में आग लग गयी।



प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं अपुष्ट रिपोर्ट में कहा गया है कि मरने वालों की संख्या छह हो गयी है। आग के बगल के डिब्बों तक फैलने से कई अन्य लोग फंस गए। सूचना मिलने के बाद दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य जारी है। इस बीच कम से कम 60 लोगों ने ट्रेन से बाहर कूदकर जान बचाने में सफल रहे।

ट्रेन लखनऊ से तीर्थयात्रियों को लेकर मंदिर के दर्शन के लिए तमिलनाडु जा रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि तीनों मृतक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी थे।

# कुपवाड़ा में लश्कर-ए-तैयबा मॉड्यूल का भंडाफोड़

## आतंकियों के तीन सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों ने शनिवार को कुपवाड़ा जिले में अलग-अलग अभियान के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार कर हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस ने कहा कि एक महत्वपूर्ण संयुक्त अभियान में, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 28 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) के साथ मिलकर कुपवाड़ा में लश्कर से जुड़े दो आतंकवादी सहयोगियों को पकड़ा और संदिग्धों के पास से पाकिस्तान और चीन मूल के पांच हथगोले भी बरामद हुए।

पुलिस ने कहा कि विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना 28 आरआर ने दो आतंकवादी सहयोगियों को रोकने के लिए एक अभियान चलाया, जिन्होंने कुपवाड़ा में एक अज्ञात व्यक्ति से खेप खरीदी थी। उन्होंने बताया कि ये लोग लश्कर कमांडर गुलाम रसूल उर्फ राफिया रसूल से निर्देश लेकर शतमुक्कम गांव की ओर जा रहे थे, रसूल मूल रूप से चंडीगाम लोलाब का निवासी था और अब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में है।



पुलिस ने बताया कि पकड़े गए लोगों की पहचान जुबैर अहमद शाह पीरजादा और पीरजादा मुबाशिर यूसुफ के रूप में हुई। दोनों शतमुकम, लोलाब, कुपवाड़ा के निवासी थे। इनके पास से पांच हथगोले और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने कहा प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि दोनों को स्थानीय लक्ष्यों का चयन करने का काम दिया गया था जो क्षेत्र में सरकारी योजनाओं के प्रसार में शामिल हैं। उन्होंने अपने आकाओं को संभावित लक्ष्यों का संकेत देने वाली तस्वीरें भी साझा की थीं।

पुलिस ने कहा कि यह ऑपरेशन सुरक्षा बलों के लिए एक उल्लेखनीय सफलता है, जिससे लोलाब घाटी में संभावित गंभीर आतंकवादी घटना को विफल कर दिया गया है। एक अन्य घटना में कुपवाड़ा पुलिस ने 47 आरआर (बिहार) के साथ मिलकर विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए ड्रैगमुल्ला शालपोरा के सामान्य क्षेत्र में एक संयुक्त चौकी स्थापित की और एक वाहन को रोक कर तलाशी ली गई।

वाहन की तलाशी लेने पर अगली सीट के नीचे छिपाकर रखा गया एक हथगोला बरामद हुआ। जहूर अहमद खान के रूप में पहचाने गए व्यक्ति को तुरंत पकड़ लिया गया और हिरासत में ले लिया गया। पुलिस स्टेशन कुपवाड़ा में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# सीमा-सचिन पर बन रही फिल्म 'कराची टू नोएडा' का विवाद पहुंचा हाईकोर्ट, मनसे से मिल रही धमकियां

**नोएडा (आरएनएस)।** सीमा हैदर की जिंदगी हो या उस पर बनने वाली फिल्म, दोनों ही हमेशा लाइमलाइट में रहती है। जानी फायरफॉक्स फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही 'कराची टू नोएडा' फिल्म का विवाद अब बंबई हाईकोर्ट पहुंच गया है।

दरअसल, पिछले कई दिनों से फिल्म के प्रोड्यूसर अमित जानी आरोप लगा रहे थे कि उन्हें मनसे से लगातार धमकियां मिल रही हैं। उनका आरोप है कि मनसे के दवाब में आकर 24 अगस्त को फिल्म मेकर कंबाइन ने 'कराची टू नोएडा' और 'मॉबलिंचिंग' टाइटल को विवादित बताकर ख़ारिज कर दिया। जानी ने आरोप लगाया है कि सबकुछ महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के दबाव में हो रहा है। अमित जानी ने आरोप लगाया है कि वह इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर एसोसिएशन के सम्मानित सदस्य हैं। किसी भी सदस्य को दफ्तर आने-जाने की छूट है।



लेकिन, दो दिन पहले एसोसिएशन के सचिव अनिल नागर्थ ने कॉल करके मुंबई दफ्तार आने से मना किया और कहा कि आप आओगे तो मनसे हमारा ऑफिस तोड़ देगी। हम आपके टाइटल ऑनलाइन रजिस्टर्ड कर रहे हैं। अमित जानी ने आरोप लगाया कि ऑनलाइन की प्रक्रिया में 17 अगस्त तक टाइटल देने के कमिटमेंट पर एसोसिएशन ने फीस ली थी। लेकिन, वह 24 अगस्त तक टालते रहे। अंत में मनसे के दबाव में 'कराची टू नोएडा' को कंट्रोवर्शियल कहकर रिजेक्ट कर दिया।

अमित जानी ने आरोप लगाया कि ये नेपोटिज्म है, पक्षपात और भेदभाव पूर्ण कृत्य है, 'कराची टू नोएडा' एक उत्तर प्रदेश का व्यक्ति (उत्तर भारतीय) बना रहा है। यह बात राज ठाकरे को बर्दाश्त नहीं हो रही है। उनके दबाव में फिल्म मेकर्स फिल्म को रोकना चाहते हैं। इन सबसे आहत होकर अमित जानी ने बंबई हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट पिटीशन दाखिल की है।

जिसमें मराठी, नॉन मराठी भावना से हिंदी फिल्म उद्योग जगत के नुकसान का हवाला देते हुए हस्तक्षेप की मांग की गई है। अमित जानी ने रिट में हाई कोर्ट को बताया कि 27 अगस्त को उन्हें मुंबई आना है। जबकि, मुंबई आने पर मनसे धमकी दे रहा है।

# जी20 सम्मेलन : वीवीआईपी की सुरक्षा में तैनात होंगे 1000 रक्षक, स्पेशल 50 टीमों का होगा गठन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में 18वां 'जी20' सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इस सम्मेलन में 19 देशों के राष्ट्र अध्यक्ष और सरकार के प्रमुख भाग लेंगे। इसके अलावा यूरोपीय संघ भी शिरकत करेगा। 'जी20' सम्मेलन के मुख्य अतिथियों की सुरक्षा में कोई भी कमी न हो, इसके मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी कमर कस ली है।



विदेशी मेहमानों की सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ की ओर से ग्रेटर नोएडा स्थित, वीआईपी सिक्योरिटी ट्रेनिंग सेंटर में 1000 'रक्षकों' का विशेष दस्ता तैयार किया जा रहा है। इन रक्षकों को सीआरपीएफ के 50 ट्रेनर ट्रेनिंग दे रहे हैं। 1000 'रक्षकों' की 'स्पेशल 50' टीमें बनाई जाएंगी। इसके अलावा मुख्या अतिथियों की सुरक्षा के लिए 300 बुलेटप्रूफ वाहन भी तैयार करवाए जा रहे हैं।

जिन एक हजार जवानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वे सामान्य कर्मी नहीं हैं। इनमें वे सभी जवान शामिल हैं, जो पहले भी वीआईपी की सुरक्षा का हिस्सा रह चुके हैं। इसके अलावा इन जवानों ने एसपीजी और एनएसजी जैसी सुरक्षा यूनिटों में भी काम किया है। ये सभी जवान, विदेशी राष्ट्रध्यक्षों और सरकार के प्रमुखों के 'कारकेड' में चलेंगे। इन्हीं में से कुछ ड्राइवरों को भी ट्रेनिंग दी जा रही है। वहीं, सीआरपीएफ के ट्रेनिंग सेंटर पर दिल्ली पुलिस को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# इंडियन ओशन आईलैंड गेम्स के उद्घाटन समारोह में मची भगदड़, 12 लोगों की मौत, 80 की हालत गंभीर

**एंटानानारिवो।** मेडागास्कर की राजधानी एंटानानारिवो के बारिया स्टेडियम में एक उद्घाटन समारोह के दौरान प्रवेश द्वार पर भगदड़ मचने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और लगभग 80 अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार हादसा उस वक्त हुआ जब करीब 50 हजार लोग इंडियन ओशन आईलैंड गेम्स के उद्घाटन समारोह के लिए स्टेडियम में एंट्री पाने की कोशिश कर रहे थे।

मेडागास्कर के प्रधानमंत्री क्रिश्चियन नत्से ने ये बात कही है। प्रधानमंत्री ने मीडिया से कहा कि फिलहाल, अस्थायी तौर पर मरने वालों की संख्या 12 है और लगभग 80 घायल हैं, जिनमें से 11 को तत्काल सर्जरी की आवश्यकता है।



उन्होंने कहा कि घायलों की चिकित्सा लागत सरकार वहन कर रही है और मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना ने भगदड़ में मारे गए लोगों के लिए एक मिनट का मौन रखा। बता दें कि इससे पहले 2019 में मेडागास्कर के स्टेडियम में इसी तरह के हादसे में करीब 15 लोगों की मौत हुई थी।

हिंद महासागर द्वीप खेल मल्टी डिसिप्लिनरी कॉम्पिटिशन है, जो मेडागास्कर में 3 सितंबर तक चलेगी। हिंद महासागर द्वीप खेल साल 1977 में इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी ने बनाए थे। इसमें मॉरीशस, सेशेल्स, कोमोरोस, मेडागास्कर, मैयट, रीयूनियन और मालदीव के एथलीट शामिल हैं।

# जी-20 समिट को लेकर होने वाली असुविधा के लिए पीएम मोदी ने मांगी माफी, लोगों से मेहमानों का अद्भुत और शानदार स्वागत करने की अपील

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 समिट को लेकर दिल्लीवासियों से मेहमानों का अद्भुत और शानदार स्वागत करने की अपील करते हुए उन्हें होने वाली असुविधाओं के लिए अभी से ही माफी मांग ली है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 का मेजबान तो पूरा भारत है, लेकिन मेहमान तो दिल्ली आ रहे हैं। इसलिए दिल्लीवासियों पर अहम जिम्मेदारी है। दिल्ली एयरपोर्ट पर स्वागत करने के लिए पहुंचे भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और दिल्ली के लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 समिट के कारण दिल्ली के लोगों को होने वाली असुविधाओं के लिए पहले से ही क्षमा मांगते हुए कहा कि जब इतनी बड़ी मात्रा में विश्व से मेहमान आएंगे तो कुछ तो असुविधा होगी ही। अपने घर में भी जब मेहमान आते हैं तो घर वाले अपने मुख्य सोफे पर मेहमानों को बैठाते हैं और खुद साइड में बैठ जाते हैं।

उन्होंने कहा कि हम जितना अधिक मान सम्मान जी-20 के मेहमानों को देंगे उतना ही हमारा गौरव बढ़ेगा, भारत का सम्मान और साख बढेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 5 सितंबर से लेकर 15 सितंबर तक जी-20 समिट और इससे जुड़े कार्यक्रमों के कारण दिल्लीवासियों को कुछ असुविधा होगी, तकलीफ होगी, ट्रैफिक की व्यवस्था बदल जाएगी और बहुत जगहों पर उन्हें जाने से रोका जाएगा। लेकिन कुछ चीजें आवश्यक होती है। दिल्लीवासियों को आने वाले दिनों में होने वाली असुविधा के लिए आज ही क्षमा याचना कर लेता हूं।

उन्होंने दिल्लीवासियों से जी-20 के मेहमानों का अद्भुत और शानदार स्वागत करने की अपील करते हुए कहा कि देश की साख पर रत्ती भर भी आंच न आए यह दिल्ली वालों को करके दिखाना है। हम सबको मिलकर इस जी-20 समिट को शानदार और रंग-बिरंगा बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस बार वैज्ञानिकों ने चंद्रयान की सफलता से जो झंडा गाड़ा है, दिल्लीवासी जी-20 की अद्भुत मेहमाननवाजी करके उस झंडे को नई ताकत दे देंगे, ऐसा उन्हें विश्वास है।

उन्होंने राखी के त्योहार का जिक्र करते हुए धरती मां के चंदा मामा को राखी बांधने की बात कही और साथ ही यह भी कहा कि त्योहार के इस माहौल में शानदार तरीके से त्योहार मनाते हुए ऐसा वातावरण बनाए कि जी-20 समिट में भी चारों तरफ यह बंधुत्व, यह भाईचारा, यह प्यार, हमारी संस्कृति और परंपरा से दुनिया को परिचय कराएं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के दौरान ही तेज धूप के कारण उनकी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात एक सुरक्षाकर्मी की तबियत खराब हो जाने पर अपने भाषण को बीच में ही रोकते हुए प्रधानमंत्री ने अपने डॉक्टरों की टीम को उनकी जांच करने का निर्देश दिया।